प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की, लोगों से इस अभियान से जुड़ने का किया आह्वान, गिरिडीह में निकाली गयी तिरंगा यात्रा।**
2. **राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम ने किया पाकुड़ का दौरा, संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ पर जतायी चिंता, सांसद निशिकांत दुबे ने राज्य सरकार पर फिर बोला हमला।**
3. **हजारीबाग में उम्र कैद की सजा काट रहा कैदी सुरक्षा कर्मी की हत्या कर अस्पताल से हुआ फरार, गिरफ्तारी के लिए इलाके में तलाशी अभियान तेज।**
4. **पवित्र सावन माह की चौथी सोमवारी पर राज्यभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, देवघर में 10 किलोमीटर लंबी हुई कांवरियों की कतार।**
5. **राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में हरियाणा को हराकर झारखंड की टीम ने फाइनल में किया प्रवेश।**

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। उन्होंने अपने आवास पर तिरंगा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री सेठ ने लोगों का आह्वान किया कि वे इसे जन मुहिम बनाने में अपनी सहभागिता निभायें।

****

इधर, रांची स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय के बाहर आज तिरंगा स्टॉल की शुरुआत की गई। भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने पहला तिरंगा लेकर इसकी शुरुआत की। मौके पर श्री बाउरी ने कहा कि देश के लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की है।

****

गिरिडीह जिले में आज भाजपा ने तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। तिरंगा यात्रा में पार्टी के अन्य नेताओं के अलावा पूर्व विधायक निर्भय कुमार शहाबादी भी शामिल हुए।

****

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की एक टीम ने आज पाकुड़ जिले का दौरा किया। आयोग की टीम गाय बथान में आदिवासी परिवारों की जमीन पर कब्जा की कोशिश और केके मेमोरियल कॉलेज के छात्रावास में रहने वाले छात्रों के साथ पुलिस पिटाई की घटना की जानकारी ली। बाद में आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ की घटना पर चिंता जतायी।

****

गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में राज्य सरकार पर हमला बोला है। देवघर में आज पत्रकारों से बातचीत में श्री दुबे ने दोहराया कि पश्चिम बंगाल, बिहार के कुछ क्षेत्रों और झारखंड के संताल परगना के छह जिलों को मिलाकर एक अलग केन्द्र शासित राज्य का निर्माण किया जाना चाहिए।

****

हजारीबाग में सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कैदी मो शाहिद अंसारी आज सुबह सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की हत्या कर फरार हो गया है। फरार हत्यारे को गिरफ्तार करने के लिए पूरे इलाके में ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

****

गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के केसवारी गांव में आज दो बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने एक ग्राहक सेवा केन्द्र—सीएससी के संचालक से दिनदहाड़े दो लाख रुपये लूट लिए।

****

राज्य निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बीएलओ को सम्मानित करेगा। इतना ही नहीं, मतदान के प्रति वोटरों को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए एक क्विज भी कराया जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आज अपने कार्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 के स्टेटिस्टिकल बुक के अनावरण के दौरान ये जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी कहा कि पहले मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्रों में कई त्रुटियां रहती थीं, जिस पर अब विराम लग गया है।

****

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने आज पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा लेने का कार्यक्रम आयोजित किया। अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक 11 करोड़ लोग इस अभियान का हिस्सा बन चुके हैं।

****

सरायकेला—खरसांवा जिले में आज पुलिस ने होटेलियर एसोसिएशन के साथ मिलकर होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम लांच किया। कोल्हान प्रक्षेत्र के डीआईजी मनोज रतन चौथे ने इस सिस्टम का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि पुलिस छानबीन में भी काफी सहूलियत होगी।

****

पवित्र सावन माह की आज चौथी सोमवारी है और बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए राज्यभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है।

****

आज वर्ल्ड एलीफैंट डे है। इस मौके पर वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा राजधानी रांची में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए आईआईएससी बैंगलोर के साइंटिस्ट डॉक्टर सुरेंद्र वर्मा ने हाथियों के संरक्षण और उनको उचित आवासीय माहौल प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हाथियों के व्यवहार को समझकर उनके लिए उचित प्रबंधन की आवश्यकता है, ताकि जान — माल का नुकसान न हो।

****

नयी दिल्ली में चल रही राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफइनल मुकाबले में हरियाणा को 4—2 से पराजित कर दिया है। आज के सेमीफइनल मैच में क्रांति उरांव, प्रतिभा भोक्ता, ललिता बोयपाई और संजना उरांव ने एक एक गोल कर झारखंड की टीम को जीत दिलाई। अब झारखंड का फाइनल मुक़ाबला बांग्लादेश से होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टीम को फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी हैं।